# विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बना गौतमबुद्धनगर, 350 से ज्यादा कंपनियां निवेश को इच्छुक




व्यापारिक समुदायों और राज्य सरकार के बीच विदेश में हुई बैठकों के दौरान जो इंटेंट मिले हैं उनमें ज्यादातर ने गौतमबुद्धनगर में इकाई लगाने की इच्छा जताई है। इनमें दक्षिण कोरिया की सैमसंग इलेक्ट्रानिक्स गौतमबुद्धनगर में कोरियाई टाउनशिप और डाटा सेंटर विकसित करने को उत्सुक है।

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश का गौतमबुद्धनगर विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। योगी सरकार के मंत्रियों के विदेश दौरे के दौरान हुए एमओयू में सबसे अधिक निवेश प्रस्ताव गौतमबुद्धनगर के लिए मिले हैं। 350 से ज्यादा कंपनियों ने गौतमबुद्धनगर में निवेश की इच्छा जताई है। दक्षिण कोरिया और जापान के दौरे पर गई मंत्रियों की टीम ने सात एमओयू किए, उनमें छह कंपनियां गौतमबुद्धनगर में इकाइयां स्थापित करने को तैयार है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल के नेतृत्व में दक्षिण कोरिया और जापान के दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने गत 10 से 18 दिसंबर के बीच 25

हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश को आकर्षित किया। इनमें 18 हजार करोड़ से ज्यादा के एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए, जबकि सात हजार करोड़ के निवेश को लेकर मौखिक सहमति बनीं। जापान इंडिया इंडस्ट्री प्रमोशन एसोसिएशन के साथ 2500 करोड़ रुपये का एमओयू हुआ है, जो गौतमबुद्धनगर में टेक्सटाइल मशीनरी निर्माण इकाई स्थापित करेगी। इसके माध्यम से पांच हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

इसी तरह निसेकेन क्वालिटी असेसमेंट सेंटर टोक्यो लैब गौतमबुद्धनगर में 100 एकड़ में 10 हजार करोड़ की लागत से डेडिकेटेड गारमेंट और टेक्सटाइल पार्क की स्थापना करेगा। इसके माध्यम से 10 हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। वहीं, वन वर्ल्ड कारपोरेशन गौतमबुद्धनगर में 50 एकड़ क्षेत्र में पांच हजार करोड़ की लागत से अपशिष्ट प्रबंधन सुविधा के विकास का काम करेगी। सेको एडवांस लिमिटेड गौतमबुद्धनगर में 850 करोड़ के निवेश से एक विनिर्माण इकाई स्थापित करेगी। इसके जरिए 200 लोगों को रोजगार मिलेगा। यूकेबी सर्विसेज व इंटरनेशनल बिजनेस सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कपड़ा व हथकरघा इकाई स्थापित करने के लिए तीन हजार करोड़ का निवेश करेगी।

## अन्य कंपनियों ने भी दिखाई रुचि

व्यापारिक समुदायों और राज्य सरकार के बीच विदेश में हुई बैठकों के दौरान जो इंटेंट मिले हैं, उनमें ज्यादातर ने गौतमबुद्धनगर में इकाई लगाने की इच्छा जताई है। इनमें दक्षिण कोरिया की सैमसंग इलेक्ट्रानिक्स गौतमबुद्धनगर में कोरियाई टाउनशिप और डाटा सेंटर विकसित करने को उत्सुक है।

वहीं, जापानी फार्मास्युटिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन ने गौतमबुद्धनगर में फार्मा उत्पादों के लिए एक तापमान नियंत्रित वेयरहाउस स्थापित करने में रुचि दिखाई है। दूरसंचार के क्षेत्र में काम कर रहा एनटीटी ग्रुप भी गौतमबुद्धनगर में एक डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मित्सुई एंड कंपनी भी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ एक ज्वाइंट वेंचर पर विचार कर रहा है। सिस्मेक्स कारपोरेशन ने मेडिकल पार्क के विस्तार को लेकर इच्छा जाहिर की है।